सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-530
06/12/2016

डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को शत्–शत् नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना, 06 दिसम्बर 2016 :– डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के 61वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर राजकीय समारोह पटना हाई कोर्ट के निकट डॉ0 भीमराव अम्बेदकर प्रतिमा प्रांगण में आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री रामनाथ कोविंद एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर लोक स्वाथ्य अभियंत्रण एवं विधि मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, मंत्री अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण श्री संतोष कुमार निराला, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी, विधायक श्री श्याम रजक, जदयू नेता श्री छोटू सिंह, श्री नन्द किशोर कुशवाहा, श्री चन्देश्वर प्रसार सिंह, श्री चन्द्रिका सिंह दांगी, श्री राजमणि पंडित, श्री राजेन्द्र प्रसाद नट, श्री मुन्ना चौधरी, श्रीमती कंचन माला चौधरी सहित अनेकों सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों ने भजन, कीर्तन के साथ डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की जीवनी पर आधारित गीतों का गायन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

******